an>

Title: Regarding increase in road rage cases in the capital.

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा) : महोदया, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान देश में हो रहे रोड रेज के मामलों की ओर दिलाना चाहता हूँ। खासकर दिल्ली में रोड रेज के मामले बढ़ रहे हैं। मैं इनकी ओर आपका ध्यान आकृÂट करना चाहता हूँ। दिल्ली में रोड रेज के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अभी दिल्ली में कुछ दिनों पहले एक बाईक सवार को उसी के बच्चों के सामने पीट-पीट कर मार डाला गया। अभी रविवार को एक डीटीसी बस ड्राइवर की रोड रेज के मामले में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। ऐसी घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं जिससे ऐसा लग रहा है कि देश में लोगों को कानून का कोई डर नहीं रहा है। जब तक लोगों को सख्त सज़ा का संदेश नहीं जाएगा, जब तक उनके मन में कानून का डर नहीं बैठेगा, लोगों की ऐसी वारदातें करने की आदत सी हो गई है। छोटी-छोटी बातों पर लोगों को इतना गुस्सा आ जाता है कि आजकल सीधे-सादे लोग सड़क पर चलने से भी डरने लगे हैं। दिल्ली में पाँच सालों में रोड रेज के मामले 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। वÂ◌ाऱ् 2011 में रोड रेज के करीब 34 मामले दर्ज हुए थे, जबकि 2014 में वे 90 हो गए और इस साल काफी मामले दर्ज हुए हैं। आये दिन ये घटनाएँ हो रही हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि रोड रेज के मामलों के लिए सख्त से सख्त कानून बनाए जाएँ ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगे।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

श्री पी.पी.चौधरी को श्री कँवर सिंह तँवर द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।